Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 01 मई, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-01-may-2020

'आयुरक्षा' कार्यक्रम

हाल ही में आयुष मंत्रालय (Ministry of AYUSH) के तहत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (All India Institute of Ayurveda-AIIA) एवं दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली में प्रदेश के पुलिसकर्मियों के लिये 'आयुरक्षा' (AYURAKSHA) नाम से एक संयुक्त कार्यक्रम लॉन्च किया है। **'आयुरक्षा-कोरोना से जंग-दिल्ली पुलिस के संग'** नामक इस संयुक्त कार्यक्रम का लक्षय आयुर्वेद प्रतिरक्षण बढ़ाने वाले सरल उपायों के माध्यम से कोरोनावायरस (COVID-19) का मुकाबला करना है। ये उपाय आयुष मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइज़री के अनुरूप हैं। इसमें च्वयनप्राश (मुख्य तत्व के रूप में आंवला), अनु तैला एवं संशामणि वटी (गुडुची से निर्मित) जैसे अनुशंसित फार्मूलेशन (Formulations) की सरल औषधियाँ शामिल हैं जो समय सिद्ध हैं और प्रतिरक्षण को बढ़ावा देने के लिये वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हैं। यह कार्यक्रम 80000 दिल्ली पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य के सुरक्षा के मद्देनज़र शुरू किया गया है। इसके अतिरिक्त दिल्ली पुलिस के प्रत्येक ज़िला मुख्यालय में एक कियोस्क की स्थापना करने की भी योजना बनाई गई है जिसमें अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के परामर्शदाताओं द्वारा आरंभ में 15 दिनों के लिये आहार एवं जीवनशैली संबंधित संपूर्ण जानकारी एवं प्रतिरक्षण को बढ़ावा देने में आयुर्वेदिक फार्मूलेशन की उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी जाएगी। ध्यातव्य है कि पुलिसकर्मी अग्रिम पंक्ति में रहकर कोरोनावायरस महामारी का मुकाबला कर रहे हैं। ऐसे में वे इस महामारी के प्रति काफी संवेदनशील हो जाते हैं और उन्हें सुरक्षा प्रदान करना अनिवार्य हो जाता है। लॉकडाउन संबंधी नियमों को लागू करने में पुलिसकर्मी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं।

चुनी गोस्वामी

वर्ष 1962 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जितने वाली टीम के कप्तान और भारत के महान पूर्व फुटबॉलर चुनी गोस्वामी का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। चुनी गोस्वामी का जन्म 15 जनवरी, 1938 को बंगाल प्रेसीडेंसी के किशोरगंज ज़िले (वर्तमान बांग्लादेश) में हुआ था। चुनी गोस्वामी वर्ष 1962 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के कप्तान होने के अतिरिक्त बंगाल के लिये प्रथम श्रेणी क्रिकेट भी खेले थे। गोस्वामी ने भारत के लिये फुटबॉलर के तौर पर वर्ष 1956 से वर्ष 1964 तक 50 मैच खेले। वहीं क्रिकेटर के तौर पर वर्ष 1962 और वर्ष 1973 के बीच 46 प्रथम श्रेणी मैचों में बंगाल का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने वर्ष 1962 में एशिया के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार जीता था। इसके अतिरिक्त उन्हें वर्ष 1963 में अर्जुन पुरस्कार और वर्ष 1983 में पद्म श्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। गौरतलब है कि भारतीय डाक विभाग ने इसी वर्ष जनवरी माह में चुनी गोस्वामी के 82वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय फुटबॉल में उनके योगदान के लिये विशेष डाक टिकट जारी किया था।

COVID-19 उपकर

नगालैंड ने डीज़ल, पेट्रोल और मोटर स्पिरिट के लिये COVID-19 उपकर लगाने की योजना शुरू की है। विदित हो कि राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण आर्थिक गतिविधियाँ काफी कम हो गई हैं, जिससे राज्यों को राजस्व की कमी का सामना करना पड़ रहा है, राजस्व में आई इस कमी की पूर्ति के लिये राज्य सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों पर उपकर लगाने का फैसला किया है। नगालैंड सरकार द्वारा लिये गए निर्णय के अनुसार, 29 अप्रैल से डीजल के लिये 5 रुपए प्रति लीटर और पेट्रोल तथा मोटर स्प्रिट के लिये 6 रुपए का उपकर लगाया जाएगा। ध्यातव्य है कि यह फैसला नगालैंड (मोटर स्पिरिट और लुब्रीकेंट्स समेत पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री) कराधान अधिनियम, 1967 (संशोधित) के तहत प्रदत्त शक्तियों के आधार पर लिया गया है। नगालैंड के अतिरिक्त मेघालय ने भी पेट्रोल और डीज़ल सहित मोटर स्पिरिट पर 2 प्रतिशत की दर से बिक्री कर अधिभार लगाया है।

आर.वी. स्मिथ

दिल्ली के प्रतिष्ठित इतिहासकार और इतिवृत्त लेखक रोनाल्ड विवियन स्मिथ (Ronald Vivian Smith) का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। आर.वी. स्मिथ का जन्म वर्ष 1938 में आगरा में हुआ था, और वे ग्वालियर आर्मी के कर्नल सल्वाडोर स्मिथ (1783-1871) के परिवार से हैं। आर.वी. स्मिथ ने अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने अपने प्रोफेशनल कैरियर की शुरुआत वर्ष 1956 में अखबारों में लिखने के साथ की थी। इसके पश्चात् उन्होंने दिल्ली में समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (PTI) और द स्टेटसमैन अखबार के लिये भी काम किया। वर्ष 1996 में वह समाचार संपादक के पद से सेवानिवृत्त हुए। उनकी प्रमुख किताबें हैं 'दिल्ली : अननोन टेल्स ऑफ ए सिटी' (Delhi: Unknown Tales of a City), 'द दिल्ली दैट नो वन नोज़' (The Delhi That No-One Knows) आदि हैं। इसके अलावा उन्होंने ताजमहल पर भी एक पुस्तक लिखी है।